प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....

- महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान 'यशस्विनी' की आज जयपुर से होगी शुरूआत–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे शुभारम्भ।

- कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर आज राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच होगा समझौता।

- केन्द्र सरकार संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक करेगी पेश।

- प्रदेश के कई क्षेत्रों में फिर से सक्रिय हुए मॉनसून के कारण तेज बरसात दर्ज–पश्चिमी इलाकों में जमकर बरसे मेघ।

....

केन्द्र सरकार महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से यशस्विनी नाम से जागरूकता अभियान शुरू कर रही है। ऐसा पहला जागरूकता अभियान आज से जयपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और प्रदेश के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। एमएसएमई मंत्रालय में निदेशक अंकिता पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम में 600 से अधिक महिला उद्यमी, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सूक्ष्म अनौपचारिक उद्यमी, कारीगर और भावी महिला उद्यमी भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस तरह का पहला कार्यक्रम राजस्थान से शुरू हो रहा है।

....

कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर आज राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच एमओयू होगा। जयपुर के सीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में ये समझौता होगा। कोटा शहर के निकट शंभूपुरा में 439 हैक्टेयर में नया एयरपोर्ट बनाया जायेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पिछले दिनों दिल्ली में इस ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक ली थी।

....

बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर कल आदिवासी सांस्कृतिक महारैली आयोजित हुई। इसमें सांसद राजकुमार रोत और क्षेत्रीय विधायक जय कृष्ण पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें करीब तीन राज्यों से जनजाति समाज के लोगों ने भाग लिया। हमारे बांसवाड़ा संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सांसद राजकुमार रोत ने जनजाति समाज के उत्थान के लिए कई मांगे उठाई।

....

बीकानेर में कल देर शाम एक सड़क हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो पुरूष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल है। ये हादसा महाजन थाना क्षेत्र में ट्रेलर और कार की टक्कर से हुआ। कार में सवार सभी लोग पंजाब के मंडी डबवाली के रहने वाले थे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

....

सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से 1934 के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को भी सूचीबद्ध किया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची

प्रकाशित की गई है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी–बीएसी का गठन किया है जो संसदीय एजेंडा तय करती है। इस समिति के अध्यक्ष श्री बिड़ला होंगे।

....

करौली आज अपना स्थापना दिवस मना रहा हैं। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह माथुर स्टेडियम से साइकिल रैली निकाली गई। इससे पहले कल शाम रनगबां तालाब पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

....

प्रदेश के कई क्षेत्रों में कल से फिर सक्रिय हुए मॉनसून के कारण तेज बरसात हुई। विशेष तौर पर पश्चिमी इलाकों में कहीं–कहीं मूसलाधार बरसात दर्ज की गई। जालोर जिले में कई जगह तेज हवाओं के साथ रातभर रूक रूक कर बारिश होती रही इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। रात को बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। बालोतरा जिले के पचपदरा और गिडा तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई, इससे शहर के मुख्य बाजारों की दुकानों में पानी भर गया। जैसलमेर में भी बादल जमकर बरसे। पोकरण, रामदेवरा और नाचना सहित कई स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल शाम कई इलाकों में हवाओं के साथ तेज बारिश हुई।

....

पाली में तेज़ हवा के साथ हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिले के बाली उपखंड क्षेत्र के खेतरली गांव मे बकरियां चराने गई दो महिलाओं की बिजली गिरने से मौत हो गई। उधर भरतपुर में भी बादल गरजने के साथ कल तेज बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी मॉनसून की सक्रियता से कई स्थानों पर बारिश की संभावना है।

....

युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया सरकार की खेलों इंडिया राइजिंग टैलेंट आईडेंटीफिकेशन– कीर्ति पहल के दूसरे चरण का आज नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगे। खेल मंत्रालय ने कहा है कि कीर्ति की परिकल्पना आधुनिक आई सी टी उपकरणों और वैश्विक सर्वोत्तम तरीकों के आधार पर प्रतिभाओं को पहचानने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य एक ही मंच पर जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान करने की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है।

....

महिला एशिया कप टी–20 क्रिकेट में वर्तमान चैंपियन भारत का मुकाबला आज पाकिस्तान से होगा। ये मैच श्रीलंका के दांबुला में होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत ग्रुप ए में संयुक्त अरब अमीरात–यूएई और नेपाल के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी, जबकि भारत और पाकिस्तान का मैच शाम को खेला जाएगा।

....